भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2426
उत्तर देने की तारीख-03/08/2026

पीएम पोषण के अंतर्गत मेनू नियंत्रण

† 2426. **श्री अभिषेक बनर्जी**:
क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या पीएम पोषण के अंतर्गत कार्य करने वाली एजेंसियां राज्य द्वारा स्वीकृत किए गए मेनू और नियत पोषण मानकों का पालन करने के लिए विधिक रूप से बाध्य हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), न्यासों, केंद्रीकृत रसोई या निजी एजेंसियों से मेनू बदलने, अंडे हटाने या प्रोटीन वाली दूसरी चीज़ें हटाने के लिए प्राप्त हुए अनुरोधों की राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या कितनी है;
(ग) स्वीकृत किए गए, अस्वीकृत किए गए या लंबित रखे गए ऐसे अनुरोधों की संख्या कितनी है और इसके क्या कारण है;
(घ) क्या कार्यान्वयन करने वाली किसी एजेंसी की वरीयता राज्य द्वारा स्वीकृत किए गए मेनू या स्थानीय खान-पान की आदतों से ऊपर हो सकती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) मेनू में प्रतिबंधों के कारण नियत पोषण मानकों में कमी न आना सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ङ): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची का भाग है और अधिकांश सरकारी स्कूल तथा स्कूल बोर्ड राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के अंतर्गत आते हैं। पीएम पोषण योजना का कार्यान्वयन राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के सहयोग से किया जाता है। सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में बाल वाटिका (कक्षा 1 से ठीक पहले) और कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले सभी बच्चों को गर्म और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की पूरी ज़िम्मेदारी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनों की है। राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे निर्धारित पोषण और खाद्य मानदंडों के अंतर्गत स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप मेनू निर्धारित करें

और स्थानीय स्तर पर उगाए गए खाद्य पदार्थों जैसे मोटे अनाज, सब्जियां, मसालों आदि की खरीद करें।

भारत सरकार ने योजना के अंतर्गत अच्छी गुणवत्ता वाला पौष्टिक भोजन परोसने के लिए गुणवत्ता, सुरक्षा और स्वच्छता पर विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। ये दिशानिर्देश आधिकारिक वेबसाइट https://pmposhan.education.gov.in पर उपलब्ध हैं।

*****